# National Service Scheme

# Annual Report
Academic Session 2019-20

# Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya

Gandhi Circle, JLN Marg, Jaipur- 302015, Rajasthan
Contact: 0141-2706672/ 2707539 / 7230037659
E-Mail: admin@kanoriacollege.in Website: www.kanoriacollege.in

**Programme Officers**

**Dr. Aanchal Puri**
Assistant Professor
Dept. of Business Administration
Contact: 80056 85828

**Dr. Tina Singh Bhadoria**
Assistant Professor
Dept. of Business Administration
Contact: 9460867583

**कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर**

**राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)**

**<u>त्रैमासिक कार्यक्रम रिपोर्ट (जुलाई से अक्टूबर 2019)</u>**

## एक दिवसीय ऑरिएंटेशन कार्यक्रम



गुरूवार, दिनांक 22 अगस्त 2019 को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में एक दिवसीय एन.एस.एस. ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि एन.एस.एस. जयपुर के क्षेत्रीय निदेशक श्री एस. पी. भटनागर व एन.एस.एस. समन्वयक एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी श्री बनय सिंह रहे।

सर्वप्रथम महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल एवं अतिथियों ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का आगाज़ किया। प्राचार्या ने अपने स्वागत वक्तव्य में छात्राअें को एनएसएस एवं अपनी पढ़ाई के बीच सामंजस्य बिठाने की सीख दी। इसके बाद श्री एस.पी. भटनागर ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को एनएसएस द्वारा होने वाले व्यक्तित्व निर्माण से परिचित करवाया।



श्री बनय सिंह ने अपने भाषण के द्वारा छात्राओं को देश सेवा हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय निदेशक ने भी अपने आशीर्वाद भरे शब्दों से एनएसएस की नवागन्तुक छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी ने एनएसएस के तहत महाविद्यालय में इस साल होने वाली रुचिकर गतिविधियों के बारे में बताया। एनएसएस स्वयंसेवक श्रद्धा, प्रज्ञा, वैष्णवी व जाह्नवी ने अपने अनुभव व एनएसएस से मिलने वाली सीख छात्राओं से साझा किये। श्रद्धा और प्रज्ञा ने छात्राओं को अपने आरडी कैम्प और चाइना यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के दौरान की गई गतिविधियों के बारे में बताकर उनमें एनएसएस के प्रति जोश व उत्साह से काम करने की ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने छात्राओं को एनएसएस के चिन्ह, ताली व गीत इत्यादि से जुड़ी बारीकियों से भी रूबरू करवाया।



**एनएसएस ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन**

**जयपुर** ◆ कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में गुरुवार को एक दिवसीय एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना) ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि एन.एस.एस. जयपुर के क्षेत्रीय निदेशक एस. पी. भटनागर व समन्वयक एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी बनय सिंह रहे। कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल के स्वागत वक्तव्य से हुआ। कॉलेज की निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। वॉलन्टियर श्रद्धा, प्रज्ञा, वैष्णवी, जाह्नवी ने एन.एस.एस. के अपने अनुभव स्टूडेंट्स से साझा किए।

स्वयंसेवक रिया ने सभी आगंतुकों का पधारने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन पल्लवी माथुर ने किया।

## Bird Freedom Day

The Pink City of Jaipur observed 'Bird Freedom Day' movement on the second Sunday of the month of September at Central Park. The event witnessed a huge gathering of bird lovers. This movement was coordinated by Mr. Vipin Kumar Jain and by deputy coordinator Ruchika Jain.



छठा बर्ड फ्रीडम डे मनाया

डेली न्यूज, mix रिपोर्टर

जयपुर। गुरुकुल योग संस्थान की ओर से विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और स्कूल-कॉलेज स्टूडेंट्स ने रविवार को सेंट्रल पार्क में पक्षियों को कैद में नहीं रखने की शपथ ग्रहण की।

सितंबर माह के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला 'बर्ड फ्रीडम डे' के अवसर पर मेयर विष्णु लाटा ने लोगों को पक्षियों को पिंजरों में कैद नहीं रखने की शपथ दिलाई।

'बर्ड फ्रीडम डे अभियान के संस्थापक विपिन कुमार जैन ने बताया कि जयपुर में वर्ष 2014 से शुरू हुए इस अभियान से अब तक 5 लाख लोग जुड़ चुके हैं। अभियान की सह संस्थापक रुचिका जैन ने बताया कि इस मौके पर एच.सी. गनेशिया, योग गुरु महेंद्र सिंह राव, ऋतुराज शर्मा, ललित शर्मा, राजू मंगोड़ी वाला, सुधीर गोधा, नीरज गंगवाल, रामदास सौंखिया, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, पंडित सुरेश मिश्रा आदि मौजूद थे।

The NSS volunteers of Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya, Jaipur participated in the same with full zeal and zest. They departed from the college premises at 6 am in the morning and were determined to generate awareness related to bird freedom amongst the general masses. Along with us Mahaveer Digambar Jain School's GAA cadets also attended the event.



गुलाबी नगरी जयपुर ने दी विश्व को पक्षियों को आजाद रखने की सीख

जयपुर कार्स। सितंबर माह के दूसरे रविवार को मूक परिंदों की पिंजरों से आज़ादी के लिए बर्ड फ्रीडम डे सेंट्रल पार्क में गुरुकुल योग संस्थान के सानिध्य मे धूमधाम से मनाया। इस मौके पर जयपुर मेयर विष्णु लाटा ने शहर वासियों को पक्षियों को पिंजरों में कैद नहीं रखने की शपथ दिलाई। गुलाबी नगरी जयपुर में वर्ष 2014 से शुरू हुए इस अभियान से जुड़ कर लगभग 5 लाख लोग पक्षियों को कैद में नहीं रखने की शपथ ले चुके है।

जयपुर ही नहीं अपितु जयपुर से बाहर, टोंक, उदयपुर, अहमदाबाद, आगरा, लेह ( लद्दाख) एवम मुम्बई से भी लोग इस अभियान से जुड़ पक्षियों को पिंजरों में कैद नही रखने की शपथ ले चुके हैं।

बर्ड फ्रीडम डे अभियान के संस्थापक विपिन कुमार जैन ने बताया कि इस वर्ष शपथ ग्रहण समारोह के साथ साथ कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर कवि किशोर पारीक, डॉ संतोष चारण व अन्य कवियों ने मूक परिंदो की पिंजरों में बंद पीड़ा को अपनी कविताओं के माध्यम से जन मानस तक पहुंचाया। कार्यक्रम में एनएसएस

, कनोडिया पीजी कॉलेज , जयपुर एवम महावीर दिगम्बर जैन स्कूल के गएए कैडेट्स ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया मुख्य मीडिया कोऑर्डिनेटर ललित शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्तियों में अभियान के संरक्षक एच.सी. गनेशिया, कार्यक्रम संयोजक योग गुरु महेंद्र सिंह रॉव, राजस्थान हाई कोर्ट कर्मचारी संघ अध्यक्ष ऋतुराज शर्मा, अधिवक्ता ललित शमा , इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के डायरेक्टर रवि पुरी, राजू मंगोड़ी वाला, आत्माराम गुप्ता, सुधीर गोधा,नीरज गंगवाल, राम दास सोंखिया, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, पंडित सुरेश मिश्रा, रवि पूरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अभियान की सह संस्थापक रुचिका जैन ने बताया कि विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्कूली बच्चो एवम जन मानस के साथ मिल गुरुकुल योग संस्थान के सानिध्य में जयपुर मेयर ने सभी जन मानस को पक्षियों को कैद में नही रखने की शपथ दिलाई।

The event began with a Yoga session to help the volunteers power through the entire event. This was followed by a poem presentation by the famous personalities Mr. Kishore Pareek, Dr. Santosh Charan and many more. this really inspired everyone present there.



CITY ACTIVITY

सेंट्रल पार्क में चित्रकला प्रतियोगिता और शपथ ग्रहण समारोह

कॉलेज गर्ल्स व बच्चों ने ली पक्षियों को कैद में नहीं रखने की शपथ

PAINTING COMPETITION

सिटी रिपोर्टर . जयपुर

बर्ड फ्रीडम डे की ओर से रविवार को सेंट्रल पार्क में शपथ ग्रहण समारोह और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवि किशोर पारीक, डॉ. संतोष चारण व अन्य कवियों ने मूक परिंदों की पिंजरों में बंद पीड़ा को अपनी कविताओं के माध्यम से जन मानस तक पहुंचाया।

इसके बाद मेयर विष्णु लाटा ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, कॉलेज गर्ल्स, स्कूली बच्चों एवं अन्य लोगों को पक्षियों को कैद में नहीं रखने की शपथ दिलाई। अभियान के संस्थापक विपिन कुमार जैन ने बताया कि जयपुर में 2014 से शुरू हुए इस अभियान में लगभग 5 लाख लोग पक्षियों को कैद में नहीं रखने की शपथ ले चुके हैं।

अभियान से टोंक, उदयपुर, आगरा, अहमदाबाद, लेह व मुम्बई के लोग भी जुड़े हैं। कार्यक्रम में अभियान के संरक्षक एच.सी. गनेशिया, संयोजक योग गुरु महेंद्र सिंह राव, हाई कोर्ट कर्मचारी संघ अध्यक्ष ऋतुराज शर्मा, अधिवक्ता ललित शर्मा, राजू मंगोड़ी वाला, आत्माराम गुप्ता, सुधीर गोधा, नीरज गंगवाल, राम दास सौंखिया, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, पंडित सुरेश मिश्रा, रवि पुरी, अनिल बाफना, आकाश सैनी, आंचल व अन्य लोगों ने भी पक्षियों को कैद में नहीं रखने की शपथ ली।

कार्यक्रम में एनएसएस, कनोडिया कॉलेज एवं महावीर दिगम्बर जैन स्कूल के कैडेट्स ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन, लायंस क्लब जयपुर डायमंड, लायंस क्लब जयपुर एंजेल पर्ल डिस्ट्रिक्ट, कलाकृति फाउंडेशन के सदस्यों ने भाग।

To conclude the event, an oath taking ceremony was held by the famous personalities Mr. Ravi Puri, Director of Institute of Hotel Management, Mr. Aatmaram Gupta, Mr. Godha Mr. Neeraj, Mr. Ramdas, Mr. MJ Khandelwal, Mr. Suresh Mishra, and the members of Lion's Club, Jaipur, Lion's Club Jaipur Angel, Rotary Club Jaipur citizen also joined the movement, which sealed the day for good.



ANCHOR बर्ड फ्रीडम डे पर शहरवासियों ने ली शपथ

'हम कभी बर्ड्स को कैद नहीं करेंगे'

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जयपुर ◆ बर्ड फ्रीडम डे के मौके पर रविवार को सेंट्रल पार्क में गुरुकुल योग संस्थान के सानिध्य में बर्ड फ्रीडम डे सेलिब्रेट किया गया। इस मौके पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, कॉलेज गर्ल्स, स्कूली बच्चों और लोगों ने मिलकर पक्षियों को कैद नही रखने की शपथ ली। अभियान के संस्थापक विपिन कुमार जैन ने बताया कि जयपुर ही नहीं बल्कि टोंक , उदयपुर, अहमदाबाद, आगरा, लेह एवं मुम्बई से भी लोगों ने शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया , जिसमें कवि किशोर पारीक, डॉ संतोष चारणव सहित कवियों ने मूक परिंदों को पिंजरों में बंद पीड़ा को अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया। कार्यक्रम में जयपुर के महापौर विष्णु लाटा, अभियान के संरक्षक एस.सी.गनेशिया, योग गुरू महेंद्र सिंह राव, राजस्थान हाई कोर्ट कर्मचारी संघ अध्यक्ष ऋतुराज शर्मा, अधिवक्ता ललित शर्मा, राजू मंगोड़ी वाले, आत्माराम गुप्ता, सुधीर गोधा, नीरज गंगवाल, राम दास सोंखिया, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, पंडित सुरेश मिश्रा, रवि पुरी व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शपथ ग्रहण की।

बच्चों ने भरे रंग

इस दौरान हुई चित्रकला प्रतियोगिताओं में स्टूडेंट्स ने रंगों के जरिए पक्षियों के लिए आवाज उठाई। यहां 30 स्कूलों के करीब 1500 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। अंत में कॉम्पीटिशन के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## एक दिवसीय शिविर का आयोजन




कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में 21 सितम्बर 2019 को एक–दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रिचा चतुर्वेदी, डॉ. रितु राज और डॉ. रमाकान्त मिश्रा रहे। शिविर का आरंभ करते हुए डॉ. रिचा चतुर्वेदी ने दैनिक आहार एवं पोषण के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। डॉ. रितु राज ने मासिक–धर्म से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें छात्राओं को बताईं। छात्राओं की जागरूकता को देखते हुए महाविद्यालय की एनएसएस ईकाई की अनूठी पहल के तहत महाविद्यालय में प्रत्येक बुधवार को स्त्रीरोग विशेषज्ञ छात्राओं की सहायता एवं परामर्श हेतु उपलब्ध होंगी। डॉ. रमाकान्त मिश्रा ने योग से जुड़ी बातें छात्राओं को बताई।



### छात्राओं को दैनिक आहार एवं पोषण के बारे में बताया

**जयपुर (कासं)।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में शनिवार को एक-दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रिचा चतुर्वेदी, डॉ. रितु राज और डॉ. रमाकान्त मिश्रा रहे। शिविर का आरंभ करते हुए डॉ. रिचा चतुर्वेदी ने दैनिक आहार एवं पोषण के बारे में छात्राओं को अवगत कराया।

डॉ. रितु राज ने मासिक-धर्म से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें छात्राओं को बताईं। छात्राओं की जागरूकता को देखते हुए महाविद्यालय की एनएसएस ईकाई की अनूठी पहल के तहत महाविद्यालय में प्रत्येक बुधवार को स्त्रीरोग विशेषज्ञ छात्राओं की सहायता एवं परामर्श के लिए उपलब्ध होंगी। डॉ. रमाकान्त मिश्रा ने योग से जुड़ी बातें छात्राओं को बताई।



### एनएसएस शिविर लगा

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर**

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में एनएसएस शिविर का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. रिचा चतुर्वेदी, डॉ. रितु राज और डॉ. रमाकान्त मिश्रा ने दैनिक आहार एवं पोषण के बारे में छात्राओं को अवगत कराया और मासिक धर्म से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें बताई।



### छात्राओं को दी हैल्दी डाइट की जानकारी

**जयपुर** ◆ कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. रिचा चतुर्वेदी ने दैनिक आहार एवं पोषण, डॉ. रितु राज ने मासिक-धर्म से जुड़ी एवं डॉ. रमाकान्त मिश्रा ने योग से जुड़ी जानकारी छात्राओं को दी। महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट की पहल के तहत कॉलेज में प्रत्येक बुधवार को स्त्रीरोग विशेषज्ञ छात्राओं की सहायता एवं परामर्श हेतु उपलब्ध होंगी।

## Workshop on How to Help Road Accident Victims

A workshop on 'How to Help Road Accident Victims and Become a Good Samaritan' was held at Eternal Hospital, Jaipur on 26th September 2019, Thursday. The workshop was held in association with NSS Unit of Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya, Jaipur and Eternal Hospital, Community for Safer Roads and Parivahan Vibhag, Jaipur

100 NSS volunteers of our college arrived at Eternal Hospital at 12:30 pm and got assembled in the conference hall of the hospital. The staff introduced us to Mr. Ashwini Bagga. First of all, he asked the volunteers some questions about a few situations that what they would do if they were present at a site of road accident. The he explained us step by step that what we should actually do at an accident site. He said first should be clearing the site and take the victim away from the site so that people helping the victim be safe. He said we must not make videos and click pictures of the victim and concentrate more on helping them. The he gave a brief about how to give CPR and told us the meaning 'C' means Circulation, 'A' means Airway and 'B' means Breathing. Then they visually showed us how to give CPR, each and every girl learnt the process and practiced CPR on a dummy under Mr. Bagga's supervision. The session was very interesting and helpful. After the workshop, we had snacks. Certificates were provided by them to each and every volunteer.

## <u>महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती मनाई</u>




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में उनके सिद्धान्तों को याद करते हुए कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों ने स्वच्छता रैली के साथ–साथ फिट इंडिया मूवमेंट के तहत महाविद्यालय परिसर में व आसपास सफाई की तथा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य स्वयंसेवकों में शारीरिक व्यायाम के महत्व को बढ़ावा देना था। प्रत्येक स्वयंसेवक को भेंट स्वरूप एक–एक पौधा प्रदान किया गया तथा उसकी देखरेख की शपथ दिलाई गई।














## सीपीआर कार्यशाला का आयोजन




दिनांक 9 अक्टूबर 2019 को एसएमएस अस्पताल जयपुर के चिकित्सकों के बीच कार्डियो पल्मोनरी डिजीज एजुकेशन के बुनियादी जीवन रक्षक कौशल पर एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। यह कार्यशाला कॉलेज के सभागार मे आयोजित की गई थी। यहाँ हमारे सम्मानित प्राचार्य, अध्यापिका और अन्य अध्यापिकाएँ बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ मौजूद थी। पॉवरपाइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से सैद्धान्तिक पहलू को समझाया गया, जहाँ डॉक्टरों द्वारा हमें समझने के लिए डॅमी डॉल के माध्यम से व्यावहारिक पहलू का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यशाला में डॉक्टरों ने यह बताया कि दिल का दौरा (कार्डियक अरैस्ट) कैसे होता है और इसका इलाज कैसे किया जाए ताकि हम उस व्यक्ति के जीवन को बचा सकें जो इससे पीडित है। डॉक्टर ने सभी छात्राओं को सीपीआर के बारे में बताया तथा उन्होंने बताया कि एक प्रभावी सीपीआर करते समय बुनियादी कदम और उपाय क्या होने चाहिये। उन्होंने वर्णन किया कि जब हम सीपीआर शुरू कर रहे हैं, तो हमें यह सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि वह व्यक्ति सचेत है या नहीं, फिर उसके दिल की धड़कन की जाँच करें और उसी समय एम्बुलेंस को कॉल करें और कार्डियक अरैस्ट से पीड़ित व्यक्ति के बारे में उन्हें ठीक से जानकारी दें। फिर डॉक्टर ने हमें सीपीआर करते समय उन कदमों के बारे में बताया जो उठाये जाने चाहिये। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिये कि बीमार व्यक्ति को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है तथा अन्य व्यक्ति को सीपीआर 30:2 के अनुपात में अपनी छाती की मध्य अस्थि को संकुचित करके दो श्वास के साथ मौखिक श्वास देनी चाहिये। जब सत्र सत्र चल डॉक्टर ने कुछ छात्राओं और शिक्षिकाओं को मंच पर आने और इसे बेहतर तरीके से समझने के लिए डॅमी डॉल के साथ व्यावहारिक रूप से करने के लिए कहा। उनके से कई छात्राएँ डॉक्टर से इसके बारे में प्रश्न पूछते हैं और डॉक्टर सभी प्रश्नों के उत्तर दे रहे थे और उनसे विद्यार्थियों के आसपास के अन्य और महत्व के बारे में बताने के लिए कहा किय यह कार्डियक अरेस्ट रोगियों के लिए कैसे उपयोगी है और यह एक महान सत्र था। जिसमें हमने सीपीआर के बारे में जानकारी प्राप्त की।



**प्रशिक्षण शिविर का आयोजन**

Nav Xpress | कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस इकाइयों ने सूर्या हॉस्पिटल जयपुर के सहयोग से बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एवं कार्डियोपल्मोनरी रिससिएशन (बीएलएस) प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर में लगभग 100 छात्राओं को डॉ. सुनील दत्त शर्मा व डॉ. प्रशान्त मिठरवाल ने जीवन रक्षण प्रणाली के बारे में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी। शिविर का संयोजन डॉ. टीना सिंह भदौरिया ने किया।



**जीवन रक्षक प्रणाली की दी ट्रेनिंग**

जयपुर ◆ कानोडिया पीजी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने एक हॉस्पिटल के सहयोग से बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं कार्डियोपल्मोनरी रिससिएशन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में डॉ. सुनील दत्त शर्मा व डॉ. प्रशांत मिठरवाल ने करीब 100 छात्राओं को जीवन रक्षण प्रणाली की प्रेक्टिकल ट्रेनिंग दी।

## स्वर्ण जयन्ती सप्ताह मनाया

## Golden Jubilee Week Celebration

| Date | Event |
|---|---|
| 23-09-2019 | Poster Making & Essay Writing Competition on 'महात्मा गांधी अतीत ही नहीं, भविष्य है' |
| 24-09-2019 | NSS Day Celebration |
| 25-09-2019 | Lecture on 'भारत के संविधान की प्रस्तावना लोकतंत्र की प्राणवायु है' |
| 26-09-2019 | Quiz Competition on 'स्वतंत्रता संग्राम' |
| 27-09-2019 | Lecture on 'शहीद–ए–आज़म – भगत सिंह' |
| 28-09-2019 | Cultural Program (Theme: Patriotism) |

### पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वर्ण जयन्ती सप्ताह की शुरूआत दिनांक 23 सितम्बर 2019 को गांधीजी को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए एक पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता से की, जिसमें एनएसएस की सभी स्वयंसेविकाओं ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। दोनों ही प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार दिये गए।

### एनएसएस दिवस समारोह का आयोजन




राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वर्ण जयन्ती सप्ताह के द्वितीय दिन 24 सितम्बर 2019 को एनएसएस दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों को महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा एनएसएस के उद्देश्य, इससे जुड़ने के लाभ, समाज एवं राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका को बताया तथा एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवकों को इस अवसर पर नये स्वयंसेवकों से रूबरू होने के लिए आमंत्रित किया गया जिनमें से कई स्वयंसेवकों ने एनएसएस में रहते हुए राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों में भाग लिया।

### संविधान पर भाषण

हमारे महाविद्यालय में एक सप्ताह का राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र चलाया गया था। इस सप्ताह समारोह का आयोजन एनएसएस के पचास वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया। 25 सितम्बर 2019 के दिन संविधान विषय पर भाषण दिया गया। यह भाषण राजनीति विज्ञान विभाग के

डॉ. पालू जोशी द्वारा दिया गया। इस भाषण में हमें संविधान की प्रस्तावनाए उसमें उपस्थित शब्दों व उनके महत्व व राष्ट्रीय एकता के लिए उन शब्दों की आवश्यकता का ज्ञान प्राप्त हुआ। हमने इस भाषण का बहुत आनन्द लिया।

## Quiz Competition

Quiz competitions are always interesting and informative, which provide excitement among the students and also make them aware of current affairs.

On 26th September 2019, Tuesday, in Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya, Jaipur, a quiz competition was conducted by NSS volunteers on the topic 'Independence Revolts' in the college auditorium at 10 in the morning. All the participants were NSS volunteers. In total 13 teams, each has 2 volunteers participated in the quiz.

The quiz has three rounds. First round was questioning round, second round was Rapid Fire and third and the last round was visual clips identifying round.

In the first round, each team was asked five questions and the time limit given to answer each question was 10 seconds.

Two teams stood first, team one Garima and Kavita Vaishnav and team two Safal Singh and Shalini Solanki. The quiz was very interesting and interactive completely relates the audience to the given topic.

## शहीद ऐ आज़म भगत सिंह पर भाषण




आज दिनांक 27 सितम्बर 2019 को हमारे महाविद्यालय में शहीद ऐ आज़म भगत सिंह पर भाषण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय की एनएसएस की छात्राओं ने भाग लिया जिसमें हमारे महाविद्यालय की इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया ताकि वो भगत सिंह द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश के लिए किये गए त्याग, समर्पण और बलिदान के बारे में अपने विचार प्रकट करें तथा साथ ही स्वतंत्रता से संबंधित विडिया भी दिखाये। भाषण अत्यन्त रोचक रहा। अतिथि वक्ता ने सभी छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें संतुष्ट किया।

इस बात से हमें यह सीख मिलती है कि हमें भगत सिंह की तरह देशभक्त होना चाहिये और अपने देश के लिए कुछ करने का जज़्बा होना चाहिये। आज के इस कार्यक्रम ने सभी छात्राओं को बहुत प्रभावित किया।



### शिविर का आयोजन

जयपुर ◆ कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में 23 से 1 अक्टूबर तक राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष्य में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत स्वतंत्रता सेनानियों व उनके योगदान पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें क्विज कॉम्पिटिशन, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता के साथ ही महात्मा गांधी, भगत सिंह व भारतीय संविधान विषय पर व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. टीना सिंह व डॉ. आंचल पुरी ने किया।

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर

# राष्ट्रीय सेवा योजना

**रिपोर्ट (अक्टूबर 2019 से मार्च 2020)**

## रक्तदान जागरूकता रैली का आयोजन




1 अक्टूबर 2019 को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने महावीर जयपुरिया राजस्थान हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर शहर के चारदीवारी क्षेत्र में रक्तदान जागरूकता रैली निकाली जिसमें स्वयंसेविकाओं ने नारों के माध्यम से शहरवासियों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया।

## क्लीन इंडिया फिट इंडिया मूवमेंट



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में उनके सिद्धान्तों को याद करते हुए कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों ने स्वच्छता रैली के साथ–साथ फिट इंडिया मूवमेंट के तहत महाविद्यालय परिसर में व आसपास सफाई की तथा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य स्वयंसेवकों में शारीरिक व्यायाम के महत्व को बढ़ावा देना था। प्रत्येक स्वयंसेवक को भेंट स्वरूप एक–एक पौधा प्रदान किया गया तथा उसकी देखरेख की शपथ दिलाई गई।


**बीएलएस एवं सीपीआर प्रशिक्षण शिविर**

दिनांक 9 अक्टूबर 2019 को कानोड़िया पी जी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों ने सूर्या हॉस्पिटल जयपुर के सहयोग से बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एवं कार्डियापल्मोनरी रिससिएशन (सीपीआर) प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर में लगभग 100 छात्राओं को डॉ. सुनील दत्त शर्मा व डॉ. प्रशान्त मिठरवाल ने जीवन रक्षण प्रणाली के बारे में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी। शिविर का संयोजन डॉ. टीना सिंह भदौरिया ने किया।



**प्रशिक्षण शिविर का आयोजन**

**Nav Xpress** | कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस इकाइयों ने सूर्या हॉस्पिटल जयपुर के सहयोग से बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एवं कार्डियोपल्मोनरी रिससिएशन (बीएलएस) प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर में लगभग 100 छात्राओं को डॉ. सुनील दत्त शर्मा व डॉ. प्रशान्त मिठरवाल ने जीवन रक्षण प्रणाली के बारे में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी। शिविर का संयोजन डॉ. टीना सिंह भदौरिया ने किया।



**ब्रैस्ट कैंसर अवेयरनेस रैली 'पिंक वॉक'**

एसएमएस अस्पताल के आंकोलॉजी विभाग ने 11 से 13 अक्टूबर तक ब्रैस्ट कैंसर अवेयरनेस के तहत 12 अक्टूबर को पत्रिका गेट पर रैली का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।




**सुपर 30 फिल्म दिखाई**

दिनांक 19 अक्टूबर 2019 को महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं को प्रेरणा प्रदान करने ने मुख्यमंत्री निवास जाकर राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को सवर्ण आरक्षण में अधिकतम आय सीमा को समाप्त किये जाने पर धन्यवाद दिया।

**मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को धन्यवाद**

दिनांक 25 अक्टूबर 2019 को महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने मुख्यमंत्री निवास जाकर राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को सवर्ण आरक्षण में अधिकतम आय सीमा को समाप्त किये जाने पर धन्यवाद दिया।



## बाल अधिकार सप्ताह उत्सव एवं द्वितीय एक–दिवसीय विशेष शिविर



कानोडिया पीजी महिला महाविद्यालय में दिनांक 14 नवम्बर 2019 को एनएसएस, यूनिसेफ, जयपुर कमिश्नरेट एवं सेंटर फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन के संयुक्त तत्वावधान में 'बाल अधिकार सप्ताह उत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'बाल संरक्षण किसकी ज़िम्मेदारी – राज्य या समाज?' विषय पर अन्तरमहाविद्यालयी वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि




एनएसएस संयोजक श्री बनय सिंह, सीसीपी में सलाहकार श्री आशुतोष श्रीवास्वत व राजस्थान विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के रिटायर्ड प्रोफेसर राजीव गुप्ता रहे। प्रतियोगिता में निर्णायकगण यूनिसेफ के राज्य सलाहकार श्री जावेद अंसारी, राजस्थान विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के डॉ. विशाल विक्रम सिंह व कानोड़िया कॉलेज की डीन अकादमिक एवं राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्तिमा शुक्ला रहे। विभिन्न कॉलेजों के लगभग 20 छात्र–छात्राओं ने विषय के पक्ष–विपक्ष में अपने विचार व्यक्त किये। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कानोड़िया कॉलेज की भावना व प्रज्ञा तथा तृतीय स्थान पर रहीं भवानी निकेतन कॉलेज की अभ्या को प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसी दिन महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने जवाहर नगर कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ विभिन्न मनोरंजक खेल खेलकर दिन व्यतीत किया।



## पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर

महाविद्यालय की दो स्वयंसेविकाएँ रूपल निगोटिया एवं रिया शेखावत दिनांक 15 से 24 नवंबर 2019 तक चंड़ीगढ़ में आयोजित पूर्व गणतंत्र शिविर में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

## Freedom Marathon for Women



'Freedom Marathon for Women' on the occasion of Rani Lakshmi Bai birth anniversary on 19 November, 2019 at University of Rajasthan, Jaipur. This marathon shed light on empowerment of women. It motivated young girls from across various schools and colleges in Jaipur to induce courage and passion in themselves.

Chief Guest was Mr. Kali Charan Saraaf, Former Education Minister. Total of 600 girls and out of which 120 volunteers from Kanoria College participated in the event and were awarded with participation certificates. The event was backed up by the slogan-



आओ हम सब सीखे नेतृत्व, दौड़ दौड़ में रानी जैसा !

बुंदेले हर बोलो के मुंख हमने सुनी कहानी थी

खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी !

The event was a huge success.

## 'Run for Humanity' Marathon

Volunteers of the college also participated in the 'Run for Humanity' marathon on 1st December 2019 for the awareness generation on World AIDS Day organized at JLN Marg, Jaipur.

## रक्तदान एवं हैल्थ चैकअप शिविर का आयोजन (तृतीय एक–दिवसीय शिविर)

2 दिसम्बर, 2019 को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों एवं एच.डी.एफ.सी. बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान एवं हैल्थ चैकअप शिविर का आय ोजन किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टॉफ हेतु स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था भी रखी गई थी जिसमें एटरनल हॉस्पिटल, जयपुर के चिकित्सकों ने छात्राओं को परामर्श दिया। शिविर के आरम्भ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने रक्तदान का महत्व बतलाते हुए जानकारी दी कि किस प्रकार रक्तदान से मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. टीना सिंह ने छात्राओं को अपने जीवन में अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। कैम्प में 300 से अधिक छात्राओं एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों ने भाग लिया।





# शिविर में गर्ल्स ने किया रक्तदान

डेली न्यूज, mix रिपोर्टर

जयपुर। कनोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान एवं हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। एटरनल हॉस्पिटल की ओर से महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टॉफ का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

शिविर में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने रक्तदान का महत्व बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. टीना सिंह ने छात्राओं को अपने जीवन में अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## 20 दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन






अभिभावक अपनी बेटी की सुरक्षा को लेकर चाहे कितने भी चिंतित एवं प्रयासरत हों, लेकिन बेटियां निड़र एवं आत्मनिर्भर बनकर तभी एक्सप्लोर कर पाए ंगी जब उन्हें ऐसे कौशल एवं आत्मविश्वास के साथ सशक्त किया जाए जिससे कि वे खुद की रक्षा कर सकें और समय आने पर किसी भी तरह की आकस्मिक चुनौती का ड़टकर सामना कर सकें। इसी उद्देश्य को लेकर कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की एनएसएस इकाईयों द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं के लिए दिनांक 2 से 24 दिसम्बर 2019 तक 20 दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्राओं को कराटे की नेशनल लेवल ब्लैक–बैल्ट मास्टर एवं कलावत एकेडमी की प्रशिक्षक कुमारी उषा द्वारा आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें सिखाई जा रही हैं जिन्हें छात्राएँ पूरे उत्साह के साथ सीख रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर समाज की इस सोच को भी दूर किये जाने की आवश्यकता है कि उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा कोई उनके साथ रहे या यह किसी और की ही ज़िम्मेदारी है। हमारी रक्षा करना हमारी स्वयं की भी ज़िम्मेदारी है और इसके लिए हमें शारीरिक एवं मानसिक तौर पर मज़बूत होने की आवश्यकता है और आत्मरक्षा कौशल को जीवन की मूलभूत आवश्यकता समझते हुए बचपन से ही विकसित किया जाना चाहिए।



### बेटियां निडर एवं आत्मनिर्भर बनेंगी तभी एक्सप्लोर कर पाएंगी

NavXpress | अभिभावक अपनी बेटी की सुरक्षा को लेकर चाहे कितने भी चिंतित एवं प्रयासरत हों, लेकिन बेटियां निडर एवं आत्मनिर्भर बनकर तभी एक्सप्लोर कर पाएंगी। जब उन्हें ऐसे कौशल एवं आत्मविश्वास के साथ सशक्त किया जाए, जिससे कि वे खुद की रक्षा कर सकें और समय आने पर किसी भी तरह की आकस्मिक चुनौती का डटकर सामना कर सकें। इसी उद्देश्य को लेकर कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की एनएसएस इकाइयों द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं के लिए 2 से 24 दिसम्बर तक 20 दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छात्राओं को कराटे की नेशनल लेवल ब्लैक-बैल्ट मास्टर एवं कलावत एकेडमी की प्रशिक्षक कुमारी उषा द्वारा आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें सिखाई जा रही हैं, जिन्हें छात्राएं पूरे उत्साह के साथ सीख रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर समाज की इस सोच को भी दूर किए जाने की आवश्यकता है कि उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा कोई उनके साथ रहे या यह किसी और की ही जिम्मेदारी है। हमारी रक्षा करना हमारी स्वयं की भी जिम्मेदारी है और इसके लिए हमें शारीरिक एवं मानसिक तौर पर मजबूत होने की आवश्यकता है और आत्मरक्षा कौशल को जीवन की मूलभूत आवश्यकता समझते हुए बचपन से ही विकसित किया जाना चाहिए।

## सात दिवसीय विशेष शिविर




18 से 24 दिसम्बर तक जयपुर की जवाहर नगर कच्ची बस्ती में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। प्रत्येक दिन के आयोजन का प्रारंभ महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने से हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन महाविद्यालय प्राचार्या, डॉ. सीमा अग्रवाल द्वारा स्वयंसेविकाओं को संबोधित किया गया तथा एन.एस.एस. से जुड़ने के लाभ बताए गए। दूसरे दिन सहज योग तथा महिला स्वास्थ्य से जुड़ी बातें बताई गईं। तीसरे दिन भारत में मूल्य प्रणाली तथा महिलाओं से जुड़े विभिन्न अधिकारों के बारे में चर्चा कर महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। चौथे दिन संविधान निर्माण, साइबर सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों की जानकारी डीआईजी अशोक गुप्ता द्वारा दी गई। शिविर के पाँचवे दिन बस्ती में स्वच्छता सर्वेक्षण किया गया। छठे दिन स्वयंसेविकाओं को जयपुर शहर के विभिन्न दर्शनीय स्थलों जैसे आमेर किला, जल महल, अल्बर्ट हॉल इत्यादि का भ्रमण करवाया गया। शिविर के सातवें दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे वाद–विवाद, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन व पोस्टर मेकिंग इत्यादि का आयोजन किया गया।



**युवा महोत्सव 2020, लखनऊ**




स्वामी विवेकानन्द का जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर वर्ष युवा मामलात एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा आयोजित किया जात है। इस उत्सव में युवाओं को प्रतिस्पर्धी और गैर–प्रतिस्पर्धी सहित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है।

इस वर्ष यह उत्वस उत्तर प्रदेश के लखनऊ में दिनांक 12 से 16 जनवरी 2020 को मनाया गया जिसमें देश के कोने–कोने से युवाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय से बी.ए. द्वितीय वर्ष की स्वयंसेविकाओं अंकिता ओझा एवं भावना को इस आयोजन का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। स्वयंसेवकों के रहन–सहन की व्यवस्था बी.बी.डी. यूनिवर्सिटी, लखनऊ में की गई, जो सुरक्षा की दृष्टि से सराहनीय था।



**पहला दिन (12 जनवरी 2020)**

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में सुबह 10:30 बजे से सांस्कृतिक मार्च पास्ट हुआ। जिसके बाद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर–प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन से युवाओं को उत्साहित किया। सायं 5:30 से 8 बजे तक पद्मश्री मालिनी अवस्थी द्वारा विवेकानन्द हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम "अभ्युदय" को प्रदर्शित किया जिसने वहाँ उपस्थित युवाओं में सांस्कृतिक चेतना जगाने का असीम कार्य किया।

**दूसरा दिन (13 जनवरी 2020)**

इस दिन प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों को महत्व देते हुए कार्यक्रम जैसे वन एक्ट प्ले एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, संगीत एवे वाद्य यंत्र वादन इत्यादि आयोजित किये गए। मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक विचारक श्री सुनील अम्बेड़कर जी ने जन–चेतना से जागरूक किया।

**तीसरा दिन (14 जनवरी 2020)**

इस दिन की शुरूआत कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय सेवा योजना के 'लक्ष्य गीत' से हुआ। इस दिन प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों में शामिल थे– शास्त्रीय गीत संगीत प्रतियोगिताएँ।

कार्यक्रम के बाद मकर सक्रांति पर्व को भी राजस्थान व अन्य राज्यों द्वारा मनाया गया।

**चौथा दिन (15 जनवरी 2020)**

इस दिन भी कई तरह के प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दिन के सत्र में पर्यावरणविद् श्री राजेन्द्र सिंह जी व भारत के वॉटरमैन श्री एस.एन. सुब्बाराव उपस्थित रहे।

**पाँचवा दिन (16 जनवरी 2020)**

युवा महोत्सव के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया।

**'फ्लाई पिंक' कार्यक्रम**

23 जनवरी 2020 को महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने एफएम तड़का के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य अतिथि राजस्थान के माननीय उप–मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट की उपस्थिति में 'फ्लाई पिंक' कार्यक्रम के अन्तर्गत गुलाबी पतंग उड़ाकर महिला सुरक्षा का संदेश दिया।






**गणतंत्र दिवस का आयोजन**

दिनांक 26 जनवरी 2020 को महाविद्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।



## विश्व कैंसर दिवस

4 फरवरी 2020 को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री भँवर सिंह भाटी, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार के प्रथम हस्ताक्षर द्वारा इस अभियान का आरंभ किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल डॉ. सुभाष पारीक आई.एस.एल.एस., वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रो. जी.सी. जैन, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के अधिकारीगण एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

डॉ. सुभाष पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि कैंसर के विरूद्ध युद्ध छेड़ना आज की महती आवश्यकता है, क्योंकि कैंसर का बचाव ही इसका इलाज है। हमें पर्यावरण, खानपान और जीवनशैली के प्रति जागरूकता रखते हुए स्वस्थ जीवन जीना है। साथ ही उन्होंने प्राचीन पद्धति व जीवन शैली को पुनः अपनाने की बात कही तथा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आयोजकों की इस पहल को सराहनीय बताया।



**National Integration Camp – 2020 at Vivekananda Institute of Technology, Jaipur, Rajasthan**







5 volunteers of the college participated in the National Integration Camp – 2020 held at Vivekananda Institute of Technology, Jaipur, Rajasthan from 27th February to 4th March 2020 in which 205 volunteers from states of Rajasthan, Madhya Pradesh, Assam, Gujarat, Uttar Pradesh, Jharkhand, Goa, Telangana, Jammu, Punjab participated.

**अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस**

दिनांक 8 मार्च 2020 को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय की सभी व्याख्याताओं का धन्यवाद किया गया, साथ ही महिला शिक्षा को बढ़ावा देते हुए छात्राओं के साथ चर्चा रखी गई जिसमें खेलकूद के साथ इस दिन को और भी मनोरंजक बनाया गया एवं महिला होने की इस ताकत का अहसास किया।



वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए व कोरोना महामारी की ख़बर अख़बार में रोज़ पढ़ते हुए महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दी गई जानकारी से अवगत कराया गया तथा साथ ही साफ–सफाई का महत्व भी समझाया गया।

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड–19) के कारण प्रशासन एवं विश्वविद्यालय के आदेशानुसार 19 मार्च, 2020 से महाविद्यालय को बंद रखा गया जिस दौरान छात्राओं के साथ व्हाट्सएप से जुड़े रहना अपने आप में ही एक अद्भुद तजुर्बा रहा।

महामारी से जूझते पूरे विश्व के आगे भी स्वयंसेविकाओं का जोश कम न हुआ बल्कि सरकार की रूपरेखा अनुसार सभी ने अपने स्तर पर इस महामारी से लड़ने में अपना सम्पूर्ण योगदान दिया। ऑडिया–विडियो के माध्यम से जागरूकता फैलाना तो जैसे दिनचर्या का भाग हो गया था।

किसी ने अपनी प्रतिभा दर्शाते हुए कविता के माध्यम से तो किसी ने रंगों और आकृतियों की सहायता से इस अभियान में हिस्सा लिया। प्रयास अभी भी जारी है।

महाविद्यालय ने गोद जी हुई बस्ती में ऐसी स्थिति में मुमकिन प्रयासों के साथ मास्क एवं राशन सामग्री बँटवाई व समय–समय पर जहाँ हो सका, वहाँ अपना योगदान दिया।

सभी के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कॉलेज कैम्पस को भी सरकार के आदेशानुसार सैनेटाईज़ किया गया तथा सोशल डिस्टेंसिंग की पालना की गई।

.....समाप्त.....